आईआईएम का स्थापना दिवस आज

रायपुर @ पत्रिका. भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) नवा रायपुर अपना 15वां स्थापना दिवस 11 अक्टूबर को मनाने जा रहा है। यह समारोह शाम 6 बजे मड़ई ऑडिटोरियम में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर अडानी एयरपोर्ट्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमित ग्रोवर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। समारोह में आईआईएम रायपुर के छात्रों, फैकल्टी सदस्यों और उनके परिवार के सदस्यों के अलावा शहर के गणमान्य लोग भी शामिल होंगे। समारोह के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

Patrika, 11 Oct, 2024, P. 04 (Zoom My City)